तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 8 अप्रैल 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4

रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर किया जाएगा चरणबद्ध प्रयास



## खबर संक्षेप

### तार मिस्त्री परीक्षा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 30 तक

**कोरबा**। संभागीय अनुज्ञापन समिति (विद्युत) बिलासपुर द्वारा तारमिस्त्री परीक्षा माह-जुलाई 2026 में लिया जाना है। परीक्षा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल है। उक्त परीक्षा हेतु बिलासपुर, मुंगेली, गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही, कोरबा, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के आवेदनकर्ता कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (विद्युत सुरक्षा) एवं संभागीय विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन बिलासपुर संभाग बिलासपुर, प्रथम तल यू.डी.एम. हॉस्पिटल बिल्डिंग, होमगार्ड कैम्पस के पास, कुदुदण्ड, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर तत्संबंध में जानकारी एवं निःशुल्क आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

### रुचि की अभिव्यक्ति 23 अप्रैल तक आमंत्रित

**कोरबा**। छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति तथा जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले के उत्कृष्ट निजी आवासीय शिक्षण संस्थानों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। आदिवासी विकास विभाग द्वारा रुचि की अभिव्यक्ति का आमंत्रण जारी किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के ग्रामीण क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। जिले के जो निजी आवासीय शिक्षण संस्थान इस योजना के तहत इम्पैनलमेंट के इच्छुक हैं, वे निर्धारित प्रारूप में अपना प्रस्ताव रुचि की अभिव्यक्ति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग में जमा कर सकते हैं। प्रस्ताव जमा करने की अंतिम तिथि 23 अप्रैल अपरान्ह 5 बजे तक निर्धारित की गई है।

### योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**कोरबा**। योगासना स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई। जिसमें जिला स्तरीय होने वाले प्रतियोगिता के लिए तैयारी की समीक्षा की गई। आने वाले 10 मई को प्रतियोगिता आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं योग कक्षाओं में आने वाले सभी योग प्रशिक्षक प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। बैठक में जिला सचिव संजय कूर्मवंशी, उपाध्यक्ष सचिन विश्वकर्मा, सह सचिव विनीता दिक्षित, कोषाध्यक्ष इन्द्रनारायण जायसवाल, टेक्निकल असिस्टेंट राकेश साहू, श्रीमती दुर्गेश्वरी तिवारी, सुनील अग्रवाल, दुर्गेश राठौर, योगेश साहू, धनेश डनसेना, विनोद रत्नाकर, राहुल खरे उपस्थित थे।

### आरटीई में नहीं दिया दाखिला तो निजी स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

**कोरबा**। स्कूल शिक्षा विभाग ने निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कोई निजी विद्यालय प्रवेश देने से इंकार करता है या प्रक्रिया में व्यवधान डालता है, तो उसके खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने चेतावनी दी है कि ऐसे मामलों में विद्यालय की मान्यता तक रद्द की जा सकती है। अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई), 2009 अप्रैल 2010 से प्रभावी है। इसके तहत प्रदेश के गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों की प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीटें आर्थिक रूप से कमजोर, दुर्बल वर्ग और वंचित समूह के बच्चों के लिए आरक्षित हैं। इन सीटों पर बच्चों को उनके निवास क्षेत्र के भीतर प्रवेश दिलाना अनिवार्य है। आरटीई के तहत निजी विद्यालयों को नर्सरी या कक्षा 1 में 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित करना अनिवार्य है।

# कोरबा की जीवनदायिनी को मिलेगा अमृत, 165 करोड़ से संवरेगी हसदेव की धारा

## अमृत मिशन 2.0 के तहत 20 एमएलडी क्षमता के टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

ऊर्जाधानी कोरबा की जीवनरेखा कही जाने वाली हसदेव नदी अब प्रदूषण के काले साये से मुक्त होकर फिर से कल-कल बहेगी। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी अमृत मिशन 2.0 योजना ने कोरबा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि जोड़ दी है। राज्य सरकार के प्रयासों से केंद्र सरकार ने शहर के दूषित जल के वैज्ञानिक उपचार हेतु 165 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। सालों से शहर के 11 बड़े नालों का दूषित सीवरेज जल सीधे हसदेव नदी में मिलकर उसकी शुद्धता को प्रभावित कर रहा था। इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए 20 एमएलडी क्षमता का अत्याधुनिक टर्शरी ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जा रहा है।

प्रतिदिन लगभग 3 करोड़ 30 लाख लीटर दूषित जल को नदी में गिरने से पहले ही रोककर अत्याधुनिक तकनीक से उपचारित किया जाएगा। इससे नदी के प्रदूषण में भारी कमी आएगी और उसका जल पुनः स्वच्छ बनेगा। परियोजना के पूर्ण होते ही ⏭ शेष पेज 3 पर

**खास बात**

- 11 बड़े नालों का दूषित सिवरेज नदियों में मिलकर कर रहा है प्रदूषित



### औद्योगिक प्रगति की दिशा में बड़ा कदम

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने इसे जिले के लिए ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के मानकों का पालन करते हुए नगर निगम द्वारा तैयार किए गए इस वैज्ञानिक समाधान को अब वास्तविक रूप मिलने जा रहा है। वर्तमान में निविदा प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही निर्माण कार्य धरातल पर शुरू हो जाएगा। अमृत मिशन 2.0 के तहत यह प्लांट न केवल हसदेव नदी को पुनर्जीवित करेगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संरक्षण की नई मिसाल भी पेश करेगा। इसके माध्यम से कोरबा औद्योगिक प्रगति के साथ-साथ पर्यावरणीय स्वच्छता के क्षेत्र में भी अग्रणी बनेगा

## खरीफ फसल के पूर्व प्रशासन ने शुरू की कार्रवाई

# खाद की जमाखोरी के खिलाफ प्रशासन का चला अभियान, तीन दुकानों के खिलाफ हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाद की जमाखोरी के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई कार्रवाई के पहले दिन 3 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो दुकानदारों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जांच अभियान के दौरान इस बार सहकारी समितियों को भी दायरे में लिया गया है। उनके रिकार्ड के आधार पर खाद वितरण की जांच की जाएगी।

**खास बात**

- रकबे के आधार पर दी जाएगी खाद

मध्य एशिया पूर्व में चल रहे युद्ध के आंशिक परिणाम के तहत खाद के संकट गहराने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन अप्रैल महीने से ही खाद की जमाखोरी और बिक्री को लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। सोमवार से शुरु हुई इस कार्यवाही के पहले दिन पाली विकासखंड के अंतर्गत 3 खाद विक्रेताओं के यहां दबिश देते हुए उनके यहां खाद के भंडारण के रिकार्ड की जांच की गई। दो दुकानों में रिकार्ड से अधिक खाद मिलने की पुष्टि हुई है। साथ ही दो दुकानदारों के खिलाफ कारण बताओ नोटिस भी जारी की गई है। जांच अभियान के दौरान इस बार सहकारी समितियों को भी दायरे में लिया गया है। सहकारी समितियों से ही किसानों को खाद का वितरण किया जाता है। अब तक किसानों को उनकी मांग के अनुरूप खाद का वितरण किया जाता था। इस बार समितियों में किसान के नाम से दर्ज रकबे के आधार पर खाद का वितरण किया जाएगा। इसके निर्देश सभी सहकारी समितियों के प्रबंधकों को दे दिया गया है। कृषि एवं सहकारिता विकास के कर्मचारी सहकारी समितियों में पहुंचकर वहां किसानों के दर्ज रकबे की जांच पड़ताल भी शुरु कर दी है। बीते वर्ष फसल के दौरान ही खाद की कालाबाजारी बड़े पैमाने पर पकड़ में आई थी। इस बार अभी से ही प्रशासन ने खाद बीज की कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है।



कार्यवाही करती विभागीय अधिकारियों की टीम।

### कालाबाजारी रोकने कार्रवाई

खरीफ की फसल के पूर्व खाद की कालाबाजारी रोकने अप्रैल महीने से निजी दुकानों के साथ सहकारी समितियों में भी जांच की कार्रवाई शुरु की गई है। पाली ब्लाक के अंतर्गत 3 दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है।

**-डीपीएस कंवर**, उप संचालक कृषि

### ब्लाक स्तर पर बनाई गई थी टीम

खाद बीज की कालाबाजारी रोकने के लिए जिला स्तर पर टीम बनाई गई है। इसके साथ ही ब्लाक स्तर की भी टीम बना दी गई है। उक्त टीम के द्वारा ब्लाक स्तर पर संचालित खाद बीज के दुकानदारों के लाइसेंस, भंडारण की क्षमता, विक्री का रिकार्ड के साथ सहकारी समितियों में दर्ज किसानों की संख्या एवं उनके द्वारा पिछले वर्ष खरीदी गई खाद का विवरण तथा समितियों में किसानों के दर्ज रकबे की जांच की जाएगी। पाली और पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र में खाद बीज बिक्री की दुकानें शासकीय रिकार्ड में ज्यादा संचालित हैं। जबकि खेती का प्रारंभिक रकबा करतला ब्लाक में है। ऐसे में इन दो ब्लाकों में दुकानों की संख्या अधिक होना सवाल खड़ा करता है।

### जांच के दायरे में आई पॉश मशीन

जांच के दायरे में दुकानों में बिक्री के दौरान रखी गई पॉश मशीन भी लाई गई है। बीते वर्ष सहकारी समितियों में पॉश मशीन के फर्जी पर्ची के आधार पर खाद का उठाव किया गया था। इस बार पॉश मशीन की पर्ची व खाद उठाव का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। पहले दिन जिनके खिलाफ कार्रवाई हुई है उसमें पाली ब्लाक के उमेश खाद भंडार एवं द्वारिका जायसवाल की दुकान में अनियमितता पाए जाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करन के साथ उमेश खाद भंडार में 21 दिनों तक खाद बिक्री पर रोक लगा दी गई है। जांच के दौरान रिकार्ड में गड़बड़ियां पाई गई हैं।

# कुसमुंडा खदान में डंपर स्लाइड होकर गिरा नीचे



लाल गोल घेरे में गिरा डंपर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान में मंगलवार की सुबह नीलकंठ कंपनी के दो डंपर वाहन अचानक डंप स्लाइड होने के कारण नीचे जा गिरे। गनीमत रही कि इस घटना में दोनों वाहनों के चालक बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई।

**खास बात**

- कंपनी के सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

जानकारी के अनुसार खदान में कार्य के दौरान अचानक डंप स्लाइड हुआ, जिससे दोनों भारी वाहन नियंत्रण खो बैठे और नीचे जा गिरे। घटना के बाद खदान क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मौके पर ⏭ शेष पेज 3 पर

### सुरक्षा मानकों में लापरवाही हादसों की वजह

सिर्फ प्रबंधन ही नहीं बल्कि संबंधित विभागों और प्रशासन की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे समय-समय पर खदानों का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें। यदि जांच और निगरानी नियमित और सख्त होती तो शायद इस तरह की घटनाओं को रोका जा सकता था। खदान में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस घटना ने एक बार फिर यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा मानकों में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में बड़े हादसे का कारण बन सकती है। अब जरूरत है कि इस मामले में गंभीरता से जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए और खदानों में सुरक्षा व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# कोल इंडिया के वेज बोर्ड कर्मचारियों को मिला तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया ने अपने वेज बोर्ड कर्मचारियों एवं सहायक कंपनियों के कर्मियों के लिए परिवर्तनीय महंगाई भत्ता में संशोधन करते हुए 24.5 प्रतिशत प्रतिमाह निर्धारित किया है। कंपनी द्वारा जारी आदेश के तहत यह नई दर 1 मार्च 2026 से प्रभावी होगी। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि यह संशोधन दिसंबर 2025 तिमाही (अक्टूबर 2025 से दिसंबर 2025) के औसत अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर तय किया गया है। संशोधित महंगाई भत्ता 1 मार्च से 31 मई तक लागू रहेगा।

**खास बात**

- कर्मचारियों के लिए 24,5 प्रतिशत महंगाई भत्ता किया गया निर्धारित



फाइल फोटो

उल्लेखनीय है कि वेज बोर्ड कर्मचारियों के महंगाई भत्ते की समीक्षा प्रत्येक वर्ष तिमाही आधार पर की जाती है। यह संशोधन 1 मार्च, 1 जून, 1 सितंबर और 1 दिसंबर से प्रभावी होता है। संबंधित तिमाही के औसत अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आंकड़ों के आधार पर नई दर तय की जाती है। प्रबंधन के इस फैसले से कंपनी और उसकी सहायक इकाइयों में कार्यरत वेज बोर्ड कर्मचारियों को महंगाई के अनुरूप आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। बढ़ी हुई दर से कर्मचारियों के वेतन में आंशिक बढ़ोतरी होगी, जिससे बढ़ती महंगाई के बीच राहत मिल सकेगी।

# निहारिका क्षेत्र को मिलेगी बेहतर बिजली, सीडीईएफ कॉलोनी के सब स्टेशन का उद्योग मंत्री ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नये उपकेंद्र की संख्या में वृद्धि होने से लाइन ट्रिप होने जैसी समस्या का निराकरण तथा निर्बाध विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस उपकेंद्र के सुव्यस्थित निर्माण के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी है, साथ ही पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली बिल योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।

उक्त बातें श्रम व उद्योगम मंत्री लखनलाल देवांगन ने नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र सीडीईएफ कॉलोनी निहारिका का लोकार्पण अवसर पर कही। छग राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से शहर के उपभोक्ताओं को राहत देने के लिये नवनिर्मित 33/11 केवी उपकेंद्र सीडीईएफ कॉलोनी निहारिका का श्रम व उद्योग मंत्री ने लोकार्पण किया। इस अवसर पर महापौर संजूदेवी राजपूत एवं कार्यपालक निदेशक एके अम्बष्ट उपस्थित थे।इस नए उपकेंद्र के शुरू हो जाने से सीएसईबी कॉलोनी एवं निहारिका क्षेत्र के लगभग 5 हजार से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को सीधा फायदा होगा, अब इन क्षेत्रों के नागरिकों को उच्च गुणवत्तापूर्ण बिजली की आपूर्ति, ओवरलोडिंग की समस्या से मुक्ति मिलेगी साथ ही तकनीकी समस्याओ का निराकरण तत्काल ही किया जा सकेगा। इसके पूर्व यहाँ के उपभोक्ताओं को विभिन्न प्रकार की समस्याओ का सामना करना पड़ता था। नवनिर्मित 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता 5 एमव्हीए है, जिसकी निर्माण लागत राशि 1 करोड़ 90 लाख रूपये है। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि विद्युत विभाग के ⏭ शेष पेज 3 पर



कार्यक्रम कोसंबोधित करते उद्योग मंत्री लखन देवांगन व महापौर।

# स्कूल की छत में सो रहा था युवक, गिरा नीचे मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 21 वर्षीय युवक अपने भाई के साथ अपने गांव के स्कूल में रात में चौकीदारी करने के लिए पहुंचा था और स्कूल की छत पर अपने भाई के साथ सोया हुआ था। देर रात को नींद में उसने करवट ली और छत में बांउड्री नहीं होने की वजह से वह सीधे छत से नीचे जा गिरा। आनन फानन में उसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**खास बात**

- अपने भाई के साथ रात में चौकीदारी करने गया था स्कूल



मृतक।

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरदा निवासी अनीश कुमार कर्ष 21 वर्ष पिता खिलावन प्रसाद कर्ष बीती रात को अपने भाई के साथ अपने गांव के समीप स्थित स्कूल में चौकीदारी करने के लिए पहुंचा था। जहां अनीश व उसका भाई स्कूल के छत पर सोए हुए थे। देर रात नींद में अनीश ने करवट ली और छत से सीधे जमीन पर जा गिरा। घटना के होते ही अनीश के भाई ने परिजनों को सूचना दी गई और गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अनीश को मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत अनीश को मृत घोषित कर दिया। मामले में वैधानिक कार्वाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सफाई कर्मी के मौत के मामले में सरपंच को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**कोरबा**। मेडिकल अस्पताल में पदस्थ सफाई कर्मी के मौत के मामले में पुलिस ने सरपंच ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है। ज्ञात रहे कि मेडिकल अस्पताल में पदस्थ सफाई कर्मी जी बाल चेन्य्या के साथ ग्राम बेंदरकोना का सरपंच ने मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जहां इलाज के दौरान जी बाल चेन्य्या की मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने जांच उपरांत आरोपी सरपंच ग्राम बेंदरकोना पटेलपारा निवासी जयवीर सिंह तंवर उर्फ राजेश उम्र 31 वर्ष, पिता श्री हीरा सिंह तंवर के खिलाफ धारा 296, 115(2), 132, 121(1), 105 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।

WE ARE HIRING

Job Opening

CIRCULATION ASSISTANT MANAGER

Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post

Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

Qualifications :

- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

Responsibilities :

- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

How to Apply

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### बहन-भाभी से मारपीट युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब पीने के लिए 500 रुपए नहीं देने पर युवक ने गाली गलौज कर बहन और भाभी के साथ मारपीट की। पुलिस ने हमलावर युवक को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि कतियापारा उदई चौक निवासी उषा ठाकुर पिता स्व. बसंत सिंह ठाकुर ने रिपोर्ट लिखाई कि 6 अप्रैल की शाम 7.30 बजे अभय पाण्डेय उनके घर के पास आकर उनसे शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगने लगा। नहीं देने पर वह घर में घुस गया और उनकी बहन मोनिका ठाकुर व भाभी लता ठाकुर को गाली देने लगा। गाली देने से मना किया गया तो युवक ने बहन, भाभी के साथ हाथ मुक्का, लोहे के औजार से मारपीट किया और जान से मारने की धमकी दी। युवक ने उषा ठाकुर के पैर को दांत से काट कर जख्मी भी कर दिया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 115, 2, 119, 1, 296, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर अभय पाण्डेय को गिरफ्तार कर लिया है। श्री राठौर ने बताया, आरोपी ने पीड़िता की बहन से प्रेम विवाह किया था। शराब पीकर आए दिन मारपीट करने पर उसकी बहन उसे छोड़कर मायके में आकर रह रही है।

### कार ने मारी टक्कर महिला वकील घायल

**बिलासपुर।** ग्रीन सिग्नल में जल्दी निकलने के फेर में कार चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्टीवा सवार महिला वकील को टक्कर मार दी। हादसे में उन्हें चोट आई है और एक्टीवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सरकण्डा शिवघाट निवासी वकील रश्मि सूर्यवंशी पिता स्व. रामचरण सूर्यवंशी 6 अप्रैल की सुबह वह अपनी एक्टीवा क्रमांक सीजी 10 बीजे, 6866 में घर से जिला न्यायालय जा रही थी। 11.45 बजे नेहरू चौक के सिग्नल में खड़ी थी। ग्रीन सिग्नल होने पर वह थोड़ा से आगे बढ़ी इसी दौरान जल्दी निकलने के फेर में कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए पीछे से एक्टीवा को टक्कर मारकर भाग गया। हादसे में उन्हें चोट आई और एक्टीवा क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### बड़ी मात्रा में शराब जब्त 6 कोचिया गिरफ्तार



**बिलासपुर।** रतनपुर व पचपेड़ी पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़कर 6 कोचिया को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं 200 किलो लहान जब्त कर नष्ट किया गया है। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम सीस में भारी मात्रा में अवैध शराब बनाकर बिक्री करने के लिए रखा हुए है। उन्होंने स्टाफ के साथ गांव में दुलार साय उर्फ भोला पोर्ते पिता स्व. सोहित सिंह पोर्ते 33 साल के घर में दबिश दी। तलाशी लेने पर घर के पीछे बाड़ी में 141 लीटर कच्ची महुआ शराब मिला। इसी तरह पचपेड़ी में मनवा निवासी विशाल बंजारे पिता स्व. रूपदास बंजारे 50 साल, राजेन्द्र बंजारे पिता स्व. सुबेदार बंजारे 40 साल, जान कुमार बंजारे पिता बीसलाल बंजारे 22 साल, कमल बंजारे पिता बिसाल बंजारे 37 साल को पकड़कर उनके पास से 66.240 लीटर महुआ शराब व 200 किलो महुआ लहान जब्त कर नष्ट किया गया है।

### एआई आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की स्थापना

बिलासपुर। रेल परिचालन को और अधिक संरक्षित, कुशल एवं तकनीक आधारित बनाने की दिशा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निरंतर आधुनिक तकनीकों को अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में भिलाई स्थित पीपी यार्ड में एआई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित वैगन डैमेज डिटेक्शन सिस्टम की सफलतापूर्वक स्थापना एवं कमीशनिंग की गई है। इस अत्याधुनिक प्रणाली का उद्देश्य यार्ड परीक्षण के लिए आने वाली मालगाड़ियों के वैगनों में होने वाली भौतिक क्षतियों की शीघ्र एवं सटीक पहचान करना है।

**यात्री हो गए हैं हलाकान** रेल लाइन के बजाय सड़क मार्ग का सफर हो जाता है दो घंटे में

# रायपुर से बिलासपुर तक पहुंचने में लग रहे हैं पांच घंटे, कनेक्टिंग ट्रेन भी छूट रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



यात्री ट्रेनों की रफ्तार इतनी खराब हो चुकी है कि यात्रियों को रायपुर से बिलासपुर तक ट्रेन में सफर कर पहुंचने में पांच घंटे से अधिक का समय लग रहा है, जबकि रेल लाइन के बजाय सड़क मार्ग से लोग दो घंटे में दोनों शहरों की दूरी तय कर रहे हैं। ट्रेन की हालत खराब होने के कारण प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्री हलाकान हो रहे हैं।

हावड़ा से मुम्बई मेन लाइन पर बने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन में यात्री ट्रेनों की चाल काफी धीमी हो चुकी है। एक्सप्रेस और सुपरफास्ट जैसी ट्रेनें बैलगाड़ी की तरह रेल पटरी पर चल रही हैं। इसकी रफ्तार इतनी कम है कि दो स्टेशन के बीच दो घंटे के सफर को तय करने में पांच से छह घंटे लगाया जा रहा है। अब तक हावड़ा की ओर से बिलासपुर आकर मुम्बई की ओर जाने वाली ट्रेनों की हालत खराब थी। प्रतिदिन की तरह बिलासपुर सुबह पहुंचने वाली हावड़ा की ट्रेनें दोपहर और शाम रात के बाद स्टेशन तक आ रही हैं, जिसके कारण यात्री भी हलाकान हो रहे हैं। रेलवे के अनुसार बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम किया जा रहा है, जिसमें अब तक 60 फीसदी से अधिक काम भी हो चुके हैं। इन सबके बावजूद ट्रेनों की रफ्तार में कोई सुधार नहीं हो पा रहा है। हावड़ा से झारसुगुड़ा तक ट्रेनों की रफ्तार तो ठीक रहती है, जिसमें झारसुगुड़ा से बिलासपुर तक ट्रेन को पहुंचने में घंटो समय लग जाते हैं। इसकी वजह से यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेनें रेलवे स्टेशन से रवाना हो जाती है। इस परिस्थिति से प्रतिदिन यात्री परेशान हैं, लेकिन इसका असर रेलवे को नहीं पड़ रहा है। आजाद हिंद, अहमदाबाद, हमसफर, दूरंतो, मेल सहित अन्य कई ट्रेनें हैं, जिनके बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक रहता है।

इस ट्रेन में आने के बाद यात्री बिलासपुर और उसलापुर से जाने वाली नर्मदा, संपर्कक्रांति और दूसरी ट्रेनों में कटनी की ओर जाना चाहते हैं, लेकिन उनकी ट्रेन बिलासपुर आने से पहले कनेक्टिंग ट्रेन रवाना हो जा रही है। इसी तरह का हाल अब रायपुर से बिलासपुर का भी हो गया है। रायपुर से बिलासपुर और उसलापुर तक ट्रेन के पहुंचने का समय दो घंटे का रहता है। यह ट्रेन करीब पांच से 6 घंटे लेट पहुंच रही हैं।

### आजाद हिंद आने से पहले छूटी नर्मदा

मंगलवार को भी हावड़ा, रायगढ़ और अन्य स्टेशनों से बिलासपुर आकर कटनी की ओर जाने वाले यात्रियों का हाल बेहाल रहा। हावड़ा से पुणे के बीच चलने वाली आजाद हिंद के बिलासपुर पहुंचने का समय सुबह 9 बजे का था। इस ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने के बाद कई यात्री बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस में शहडोल, कटनी की ओर जाने वाले थे, लेकिन ट्रेन ने सुबह 9 बजे के बजाय शाम 5 बजे के बाद बिलासपुर तक पहुंचने में समय लगा दिया। इसके अलावा अहमदाबाद एक्सप्रेस 7 घंटे, पुणे-संतरागाछी हमसफर एक्सप्रेस 11 घंटे, आरा-दुर्ग 6 घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन तक पहुंची। वहीं एक दिन पहले दुर्ग से उसलापुर होकर भोपाल जाने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस, रायपुर-कोरबा हसदेव एक्सप्रेस और सारनाथ एक्सप्रेस ने भी संबंधित स्टेशन तक पहुंचने में घंटों समय लगा दिया।

सड़क के दोनों किनारों पर बड़ी संख्या में लगाए गए थे ठेले-गुमटी

# सरकंडा बना अब नया जाम जोन, कब्जा हटाने सड़क पर उतरे कलेक्टर-एसपी

**हरिभूमि न्यूज : बिलासपुर**

अरपा पार सरकंडा का क्षेत्र अब नया जाम जोन बनता जा रहा है। एक समय ट्रैफिक के लिहाज से स्मूथ इस क्षेत्र में अब वाहनों की भीड़ हो गई है। हाल यह है कि महामाया चौक से राजकिशोरनगर चौक तक 4 किमी की यात्रा तय करने में लोगों को करीब आधे घंटे से अधिक का समय लग रहा है। किसी चौक पर जाम लग गया तो तब तो स्थिति और खराब हो जाती है। खास तौर पर शाम को महामाया चौक, अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक, साइंस कालेज चौक, बहतराई चौक और बसंत विहार चौक में तो जाम लगना तय है।

- **अशोक नगर चौक, चांटीडीह चौक, साइंस कालेज चौक, बहतराई चौक और बसंत विहार चौक में जाम लगना तय**

मंगलवार की शाम कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह और निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे सड़क पर उतरे और व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान नूतन चौक से लेकर बहतराई मोड़ व राजकिशोर नगर चौक तक सड़क पर से अतिक्रमण हटाया। बसंत विहार चौक में एक ही दिन में करीब 30 ठेले-गुमटी सड़क से हटाए गए। इसी तरह नूतन चौक में सेंट्रल लाइब्रेरी के सामने ठेले गुमटी वालों को हटाने के साथ ही दुबारा नहीं लगाने की हिदायत दी गई। नूतन चौक स्थित सेंट्रल लाइब्रेरी के आसपास सड़क के दोनों ओर चाट-गुपचुप के ठेले, गन्ना रस की दुकानें, अस्थायी होटल सहित बड़ी संख्या में संचालित दुकानों को तत्काल प्रभाव से हटाया गया।



बहतराई चौक में ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा ललेकर अधिकारियों से चर्चा करते कलेक्टर और एसपी।

### अशोक नगर चौक में फंस रहे एंबुलेंस

अशोक नगर चौक में रोजाना जाम लग रहा है। मंगलवार शाम को यही हुआ। वाहनों की लंबी कतारों के बीच कार सवार लोग दूसरी और तीसरी लाइन बनाकर जाम करते रहे। वहीं,ऑटो और बाइक सवार भी जाम में जल्दी निकलने के चक्कर में घुस गए। वाहनों की कतार में एंबुलेंस के साथ ही पुलिस की गाड़ी भी फंस गई। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह वापस दूसरे रास्ते में वाहन मोड़ लिया। लेकिन, जाम में एंबुलेंस फंसी रही। कड़ी मशक्कत के बीच करीब आधे घंटे बाद यातायात बहाल हुआ।

### महामाया चौक में तीनों दिशाओं से वाहन

सरकंडा महामाया चौक तिराहे पर तीनों दिशाओं से आने वाले वाहनों के 30-30 सेकेंड का पीक ऑवर यानि ड्यूरेशन टाइम सेट है। यातायात का दबाव मुख्य रूप से इंदिरा सेतु और सीपत चौक से आने वाले लोगों का अधिक रहता है। जबकि पुराना सरकंडा मार्ग से आने और सीपत चौक की ओर जाने वालों के लिए भी रेड सिग्नल बाध्यता है। यानि सीपत चौक की ओर जाने वालों को जब तक सिग्नल ग्रीन नही होता तक तक चौक पर खड़ा होना पड़ता है। यहां के लेफ्ट टर्न तो जैसे है ही नहीं। पिछले दिनों सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए जा रहे पैरेंट्स और स्टूडेंट जाम में फंस गए। परीक्षा छूटने तक की नौबत आ गई थी। कुछ लोगों ने दूसरे रास्तों को रोककर कोनी जाने वाले वाहनों को रवाना किया।

### व्यवस्थित किया जा रहा

शहर में ट्रैफिक जाम की लगातार शिकायतें मिलती रहती हैं। इसी को ध्यान में रखकर एसपी व नगर निगम कमिश्नर के साथ नूतन चौक सरकंडा से राजकिशोर नगर चौक तक शहर का निरीक्षण कर सड़क पर अस्थायी दुकानें लगाकर यातायात बाधित करने वालों को समझाइश देकर हटवाया गया है।

**-संजय अग्रवाल,** कलेक्टर

# वर्दी में पत्नी संग डांस आरक्षक लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



वर्दी में काला चश्मा पहने कर पत्नी संग हाय रानी, हेलो रानी गाने में डांस कर वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल करना मस्तूरी डीएसपी के आरक्षक ड्राइवर को महंगा पड़ा गया है। एसएसपी ने आरक्षक को लाइन अटैच कर दिया है।

सोशल मीडिया में सम्बलपुरी बेस्ट सांग हाय रानी, हेलो रानी धूम मचा रहा है। युवक- युवती उक्त सांग में वीडियो रील बनाकर सोशल मीडिया में जोरों से वायरल कर रहे हैं। मस्तूरी डीएसपी लाल चंद मोहल्ले के ड्राइवर मस्तूरी थाने का आरक्षक देवानंद कैवर्त ने भी वर्दी में काला चश्मा पहनकर अपनी पत्नी के साथ हाय रानी, हेलो रानी गाने पर डांस करने हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया में वायरल कर दिया।

उक्त वीडियो एसएसपी रजनेश सिंह के पास भी पहुंचा।

एसएसपी श्री सिंह ने आरक्षक देवानंद कैवर्त को लाइन अटैच कर दिया है। एसएसपी के मुताबिक आरक्षक का यह कृत्य पुलिस यूनिफार्म का दुरुपयोग कर अशोभनीय आचरण का परिचायक है और पुलिस विभाग के उत्कृष्ट मापदण्डो के प्रतिकूल है।

### सेना के चालक की बाइक चोरी, जुर्म दर्ज



**बिलासपुर।** जेल में मुलाकात करने आए सेना के चालक की बाइक चोरों ने चोरी कर ली। पुलिस चोरों को सुराग नहीं लगा पाई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, गतौरा निवासी अजय कुमार खाण्डे भारतीय थल सेना 61 आर आर रेजिमेंट में चालक है और छुट्टी में अपने गांव आए है। 4 अप्रैल को वे केन्द्रीय जेल मुलाकात करने आए थे। उन्होने जेल के बाहर गेट के पास अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एयू, 4117 को खड़ी की और जेल के अंदर चले गए। दोपहर 2.30 बजे मुलाकात करने के बाद बाहर निकले तो उनकी बाइक चोरी हो गई थी। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। 3 दिन में पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

# घर घुसे नकाबपोश ने महिला से चेन लूटने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बीती रात नकाबपोश फरसा लेकर घर में घुसा और महिला से सोने की चेन लूटने की कोशिश की। साहसी महिला ने उसे पकड़ लिया तो छीना झपटी करने लगा। इसी दौरान उसके हाथ से फरसा गिरने पर महिला के आंख में चोट आई। महिला बाल-बाल बच गई। पुलिस नकाबपोश का सुराग नहीं लगा पाई है।

बेलगहना चौकी पुलिस के अनुसार, आमागोहन निवासी कल्पना तिवारी पति राकेश तिवारी 60 साल ने रिपोर्ट लिखाई है कि वे अपने पति, बेटा सात्विक व नौकर सुखीराम यादव के साथ रहती है। 6 अप्रैल की सुबह 9 बजे उनके पति और बेटा बिलासपुर गए थे। रात 8 बजे आंगन में वे नौकर के साथ बैठी हुई थी।

- **छीना झपटी में फरसा से आंख में आई चोट**



इसी दौरान बाहर में गाड़ी का दरवाजा बंद होने की आवाज आई। वे अंदर जाकर डायनिंग रूम में काम करने लगी। घर के अंदर किसी के आने का आहट सुनाई दी तो वह दरवाजे के पास आई तो दीवार के पीछे परछाई दिखाई दी। आवाज देने पर मुंह में रुमाल बांधे एक व्यक्ति आकर खड़ा हो गया उसके हाथ में फरसा था। नकाबपोश ने उनके मुंह में हाथ रखकर दूसरे हाथ से बाल पकड़ लिया।

महिला ने साहस का परिचय देते हुए नकाबपोश से भीड़ गई और हाथापाई करने लगी। उसके हाथ से फरसा गिर जाने से उनके बाए आंख

# फरार आरोपी की नहीं हुई गिरफ्तारी लोगों ने निकाला शहर में कैंडल मार्च

**अम्बिकापुर।** शहर के बीच सद्भावना चौक पर महिला से दुष्कर्म के बाद उसकी बेरहमी से हत्या करने वाले आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है तो वहीं दूसरी ओर गिरफ्तारी में देरी से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को घटना के विरोध, आरोपी की गिरफ्तारी के साथ ही घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन से कैंडल मार्च निकाला गया। रैली शहर के प्रमुख मार्ग से होते हुए सद्भावना चौक पहुंची जहां मृतिका को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।




इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए एआईसीसी सदस्य आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा की भाजपा सरकार के विगत ढाई वर्ष के कार्यकाल में महिला अपराधों के साथ ही साथ नशे के कारोबार में वृद्धि हुई है। महामाया प्रवेश द्वार की घटना कोई पहली घटना नहीं है। सत्ता के संरक्षण में प्रदेश में अफीम की खेती हो रही है। विधानसभा में दी जाने वाली जानकारी में सरकार ड्रग पैडलरों के नाम छुपा रही। नतीजतन नशे की बढ़ती प्रवृत्ति ने अपराधों विशेष रूप से महिलाओं के प्रति अपराधों को बढ़ा दिया है और प्रदेश की सरकार इसपर काबू पाने में असफल साबित हुई है। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव लिलि श्रीवास ने कहा कि उन्होंने मृत महिला का पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक का जो बयान आया है, वो दिल दहलाने वाला है। अम्बिकापुर की घटना दिल्ली के निर्भया कांड के समतुल्य है। इस मामले में पुलिस का अबतक खाली हाथ होना बतलाता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था के लिए जिम्मेदार मंत्री अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एसईसीएल में वॉकथान का आयोजन

# वॉकथान के जरिए स्वस्थ जीवन-मजबूत राष्ट्र का संदेश

**बिलासपुर।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मंगलवार को एसईसीएल के चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में स्वास्थ्य, फिटनेस और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एसईसीएल मुख्यालय में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसमें कर्मचारियों ने इस वर्ष की थीम स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े हों, के अनुरूप स्वस्थ जीवन शैली व फिटनेस के बारे में जागरूकता फैलाई। कार्यक्रम की शुरुआत एसईसीएल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ श्रुतिदेव मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता और अच्छे स्वास्थ्य के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। निदेशक तकनीकी संचालन एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक मानव संसाधन बिरंची दास एवं निदेशक तकनीकी/योजना एवं परियोजना रमेश चंद्र महापात्र ने अपने प्रेरक संदेशों से प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि मानव शरीर ईश्वर का एक अनमोल उपहार है और स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी संपत्ति है। वॉकथॉन को अतिथियों ने एसईसीएल मुख्यालय में हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वाकथान में लगभग 3 किलोमीटर की दूरी तय की गई। जिसका समापन वसंत विहार स्थित रवींद्र भवन में हुआ। यह कार्यक्रम एक स्वस्थ कार्य बल और एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एसईसीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।




### स्वस्थ जीवन शैली अपनाने ली गई शपथ

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की शपथ ली एवं शारीरिक रूप से सक्रिय रहने और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता दोहराई। वॉकथॉन में लगभग 200 कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उत्साह बढ़ाने के लिए, प्रतिभागियों के बीच विश्व स्वास्थ्य दिवस की टी-शर्ट और बैज भी वितरित किए गए।

### जानलेवा हमला, दो नाबालिग सहित 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शादी के बाद पड़ोसियों ने मामूली विवाद में चार लोगों पर टंगिया, हंसिया से जान लेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने दो नाबालिग सहित 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सकरी क्षेत्र के ग्राम पेण्डारी निवासी आरती बघेल पति परमानंद बघेल ने बताया। उनके घर में देवर के बेटे की शादी थी। रविवार को शादी का पार्टी हुआ था। सोमवार को घरवाले आराम कर रहे थे। शाम को उनके पति परमानंद बघेल, हंसराज, जितेन्द्र, उषा बघेल के साथ पड़ोसियों ने विवाद कर जमकर मारपीट करते हुए टंगिया, हंसिया से हमला कर दिया है। शोर शराबे की आवाज सुनकर वे घर से बाहर निकली तो चारों खूने से लथपथ बेहोश पड़े हुए थे। चारों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने राजा बघेल की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1, 191, 2, 191, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय 9 को सरगुजा में किसान सम्मेलन में होंगे शामिल



**अम्बिकापुर।** जिले में किसान सम्मेलन का आयोजन 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे लुण्ड्रा विकासखण्ड में ग्राम पंचायत लुण्ड्रा के छत्रपति शिवाजी मिनी स्टेडियम में किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय किसान सम्मेलन तथा जिले के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में वित्त मंत्री सरगुजा ओपी चौधरी, पर्यटन संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा सांसद चिंतामणी महाराज होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज, सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मण्डल अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, राज्य युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष लुण्ड्रा श्रीमती कृष्णा पावले, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लुण्ड्रा श्रीमती कंचन जायसवाल एवं लुण्ड्रा के सरपंच सोमार साय होंगे।

### तलवार लहराने वाले युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** तलवार लहराकर लोगों में दहशत फैलाने वाले युवक को बसदेयी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक ग्राम कुसमुसी स्थित अटल चौक पर तलवार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा था। ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस की पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा घेराबंदी कर युवक को पकड़ा। पुलिस के अनुसार आरोपी राह चलते लोगों को तलवार दिखाकर भयभीत कर रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे काबू में किया। आरोपी की पहचान अंकित तिवारी के रूप में की गई है तथा पुलिस ने उसके पास से एक तलवार बरामद की है। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

### सड़क दुर्घटना में मृत युवक की हुई पहचान

**अम्बिकापुर।** भकुरा नवापारा निवासी मनीष राजवाड़े आ. भूनेश्वर (21 वर्ष) सोमवार को अपने साथी रामराज व हरि शंकर के साथ मजदूरी करने आया था। शाम को तीनों एमजीरोड की ओर जा रहे थे और जैसे ही पीजी कॉलेज के समीप पहुंचे तभी दुर्घटना गस्त हो गए। दुर्घटना में मनीष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि रामराज व हरिशंकर गंभीर रूप से घायल हो गए। एक घायल की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर किया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### समस्याओं को लेकर प्रबंध निदेशक से मिले विद्युत कर्मचारी

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया तथा कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला, आरएम गिरी, आरपी पटेल, सचिन देव टोप्पो, विनोद कुशवाहा, सुबोध तिर्की, अजय कश्यप आदि उपस्थित थे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### कोरबा की जीवन...

कोरबा उन चुनिंदा 12 शहरों की सूची में शामिल हो जाएगा, जहाँ जल शोधन की ऐसी उन्नत और वैज्ञानिक व्यवस्था उपलब्ध है। यह परियोजना केवल नदी की सफाई तक सीमित नहीं है बल्कि वेस्ट टू वेल्थ का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी बनेगी। उपचारित किए गए करोड़ों लीटर पानी को बर्बाद करने के बजाय एनटीपीसी द्वारा निर्धारित दरों पर खरीदा जाएगा। इससे उद्योगों को स्वच्छ जल उपलब्ध होगा, नगर निगम के राजस्व में वृद्धि होगी और भू-जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

### कुसमुंडा खदान...

कर्मचारियों की भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौके पर पहुंचे और पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। प्राथमिक स्तर पर घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है। इस हादसे के बाद एक बार फिर कुसमुंडा खदान में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय स्तर पर यह चर्चा है कि इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं। बावजूद इसके सुरक्षा उपायों में अपेक्षित सुधार नहीं किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि खदान क्षेत्र में कार्यरत एसईसीएल प्रबंधन एवं निजी ठेका कंपनियों की यह जिम्मेदारी होती है कि वे कार्यस्थल पर सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

### निहारिका क्षेत्र...

अधिकारियो तथा कर्मचारियों को कठिन परिस्थितियों में भी लगातार मेहनत करने के लिए प्रसंशा की और विशेषकर निहारिका क्षेत्र के व्यापारियों के लिए लाभदायक बताया है। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता पी आर साहू, वीके तिवारी, कार्यपालन अभियंता एसके सोनी, आरएल वर्मा, श्रीमति रश्मि देवांगन, एचएस राठौर सहित अन्य उपस्थित थे।

# सब स्टेशन कर्मी हड़ताल पर, नियमित कर्मी कर रहे 12-12 घंटे ड्यूटी, बिगड़ रही स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले लगभग ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक अपने पुराने पीएफ की मांग को लेकर पिछले कई दिनों से हड़ताल पर हैं। हड़ताल होने की वजह से विद्युत विभाग के नियमित कर्मचारियों की सब स्टेशन में लगातार 12-12 घंटे की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे नियमित कर्मचारी भी अब परेशान होने लगे हैं। क्योंकि गर्मी का सीजन होने की वजह से मेंटेनेंस का काम और सब स्टेशन दोनों को संभालने के लिए विद्युत विभाग के पास पर्याप्त कर्मचारी नहीं है। जिससे विद्युत विभाग के कर्मचारी हलाकान हो रहे हैं। वहीं सब स्टेशन कर्मी बुधवार को घंटाघर से रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन करने वाले हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले के लगभग 55 से अधिक सबस्टेशन में ढाई सौ से अधिक ठेका श्रमिक काम करते हैं। लंबे समय से उनके पीएफ की राशि उन्हें नहीं मिली है। कई बार विद्युत विभाग के अफसरों को ठेका श्रमिकों ने इसे लेकर अवगत कराया था लेकिन इसके बाद भी उनके पीएफ की राशि को दिलाने की दिशा पर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। ठेका श्रमिक पिछले 1 अप्रैल से छुट्टी पर चले गए हैं और हड़ताल कर रहे हैं। सब स्टेशन कर्मियों के हड़ताल में चले जाने की वजह से जिले के सभी सबस्टेशन में विद्युत विभाग के नियमित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। शहर के अलग-अलग जोन में विद्युत विभाग के कर्मचारियों को 12-12 घंटे की ड्यूटी पर तैनाती दी गई है। 12 घंटे काम करने की वजह से विद्युत विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की अब तबीयत बिगड़ने लगी है, क्योंकि गर्मी के दिनों में लगातार ड्यूटी करना आसान काम नहीं होता है। ठेका श्रमिकों के हड़ताल में चले जाने से नियमित कर्मचारी अब सब स्टेशन में काम कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर गर्मी आने की वजह से मेंटेनेंस भी लगातार काम बढ़ा हुआ है और मेंटेनेंस काम कर पाना विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के लिए किसी परेशानी से कम नहीं है। यदि जल्द ही सब स्टेशन कर्मियों का हड़ताल समाप्त नहीं होता है तो निश्चित तौर पर आने वाले न दिनों में स्थिति और भी विस्फोटक हो सकती है।

### आज घंटाघर से निकालेंगे रैली




**काम हो रहा प्रभावित**

सब स्टेशन में काम करने वाले ठेका श्रमिक हड़ताल पर हैं जिसकी वजह से सब स्टेशन में नियमित कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मेंटनेंस व सब स्टेशन दोनों स्थानों में नियमित कर्मचारियों की ड्यूटी होने की वजह से काम प्रभावित हो रहा है। हड़ताल को जल्द समाप्त कराने की दिशा पर काम किया जा रहा है।

-कृष्ण कुमार जोशी,
एई विद्युत विभाग पाड़ीमार जोन

## ग्रामीण अंचलों में बिजली की लचर व्यस्था से आक्रोशित हैं ग्रामीण

# अरदा में ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान, करेंगे उग्र आंदोलन



खराब पड़ा ट्रांसफार्मर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग दर्री ग्रामीण क्षेत्र ग्राम पंचायत अरदा के ग्रामीण ट्रांसफार्मर खराब होने से परेशान हैं। इसे लेकर युवा कांग्रेस व ग्रामीण मिलकर दर्री ग्रामीण छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण विभाग के कनिष्ठ अभियंता अधिकारी को ज्ञापन भी सौंप चुके है, उसके बाद भी इस ओर कोई पहल नहीं कर रहे हैं। अरदा कांग्रेस मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले ने बताया कि बिजली नहीं होने से पानी के तरसना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने दर्री ग्रामीण में बिजली कंपनी के अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि 6 माह से लो वोल्टेज की समस्या बनी थी और अब 15 दिन से एक क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है, जिससे ग्रामीण ग्रीष्मकालीन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण को पेयजल की किल्लत मची हुई हैं, पेयजल व निस्तारी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। कटघोरा ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर ने बताया कि उमस भरी गर्मी से पूरे गांव परेशान है। शिकायत के बाद भी खराब पड़ा ट्रांसफार्मर अभी तक नही बदला गया। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश पनप रहा हैं, ग्रामीण व युवा कांग्रेस की टीम द्वारा ज्ञापन सौंपा के बाद भी इस ओर सुध नहीं ले रहे हैं, बहुत जल्द ही अरदा चौक में शांतिपूर्ण आंदोलन किया जायेगा जिसका पूर्ण जवाबदेही विद्युत विभाग रहेगा।

### बिजली नहीं होने से पानी की समस्या



कांग्रेस मंडल उपाध्यक्ष दिनेश आदिले ने बताया कि बिजली नहीं होने से पानी के तरसना पड़ रहा है। बिजली कंपनी के अधिकारी से शिकायत करते हुए बताया कि 6 माह से लो वोल्टेज की समस्या बनी थी और अब 15 दिन से एक क्षेत्र में अंधेरा छाया हुआ है, जिससे ग्रामीण ग्रीष्मकालीन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण को पेयजल की किल्लत मची हुई हैं, पेयजल व निस्तारी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं।

### शिकायत के बाद भी नहीं बदला गया ट्रांसफार्मर



कटघोरा ब्लाक कांग्रेस उपाध्यक्ष सदबीर निर्मलकर ने बताया कि उमस भरी गर्मी से पूरे गांव परेशान है। शिकायत के बाद भी खराब पड़ा ट्रांसफार्मर अभी तक नही बदला गया। ग्रामीणों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश पनप रहा हैं, ग्रामीण व युवा कांग्रेस की टीम द्वारा ज्ञापन सौंपा के बाद भी इस ओर सुध नहीं ले रहे हैं, बहुत जल्द ही अरदा चौक में शांतिपूर्ण आंदोलन किया जायेगा जिसका पूर्ण जवाबदेही विद्युत विभाग रहेगा।

# साहू समाज ने हर्षोल्लास के साथ मनाई भक्त शिरोमणि माताकर्मा जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

तैलिक विकास समिति बालकोनगर के तत्वावधान में साहू समाज की आराध्य कुलदेवी, त्याग-तपस्या, दया और प्रेम की प्रतिमूर्ति भक्त शिरोमणि माताकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के प्रथम चरण में भक्त माता कर्मा के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पहार अर्पित करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना और आरती की गई। इसके पश्चात परंपरानुसार भक्त माता कर्मा को खिचड़ी का भोग अर्पित किया गया। इस अवसर पर समाज के बच्चों ने भक्त माता कर्मा एवं भगवान कृष्ण के स्वरूप में सुसज्जित होकर उपस्थित जनों का ध्यान आकर्षित किया और वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

**खास बात**

- नारी शक्तियों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

समिति के अध्यक्ष अमर दास साहू ने कहा कि कर्मा माता की जयंती साल दर साल इसलिए मनाया जाता है ताकि हम उनके संघर्षो को याद रखें और उनके बताए रास्ते पर तब तक चले जब तक कि हमें अपने लक्ष्य की प्राप्ति नही हो जाती है जिस प्रकार उन्होंने संघर्ष किया था उसी प्रकार हम भी अपने जीवन में संघर्ष को शामिल करें। वहीं दानवीर भामाशाह सम्मान से सम्मानित समाज के वरिष्ठ सलाहकार लेखराम साहू ने कहा कि यदि समाज की महिलाएं भक्त माता कर्मा की तरह अपने कर्तव्यों को पूर्ण श्रद्धा और समर्पण के साथ निभाएं तो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती है। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में साहू समाज की लगभग 100 नारी शक्तियों द्वारा भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा साहू सदन से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए बालको बस स्टैंड तक पहुंची। कलश यात्रा के बस स्टैंड पहुंचने पर समाज के सदस्यों द्वारा आमजन के लिए महाप्रसादी के रूप में खिचड़ी एवं शर्बत का वितरण किया गया।

इस पुनीत कार्य में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम में समाज के संरक्षक गोरेलाल साहू, कृपाराम साहू (नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिक निगम कोरबा), अध्यक्ष अमर दास साहू, महासचिव डिकेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष शशिकांत साहू, ललिता बलराम साहू (जनपद सदस्य), टिकेंद साहू, खोमलाल साहू, वोसंत साहू, लीलाकांत साहू , कलेशराम साहू, छतराम साहू, कृष्णा साहू, दिलीप साहू, उमा साहू, उर्मिला साहू, हिमानी साहू, पूजा साहू, कविता साहू, गरिमा साहू, खोमेश्वरी साहू, साक्षी साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के स्वजातीय जन एवं बच्चे उपस्थित रहे।

*अंबिकापुर। लखनपुर थाना क्षेत्र के अंधला में बाइक से वापस लौट रहे दम्पति के साथ रास्ता रोककर मारपीट का मामला सामने आया है। परिवार ने चार लोगों द्वारा मारपीट किए जाने की बात कही गई है जबकि पुलिस का कहना है कि महिला की मौत सड़क दुर्घटना में हुई। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

# अविश्वास प्रस्ताव में मात खाया विपक्ष करूमौहा में सरपंच कविता बाई की जीत



अविश्वास प्रस्ताव के बाद ग्रामीण व सरपंच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम पंचायत करूमौहा में लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव अंततः विफल हो गया। इस राजनीतिक उठापटक में सरपंच कविता बाई ने बहुमत हासिल कर अपनी कुर्सी सुरक्षित रखने में सफलता पाई। जानकारी के अनुसार पंचायत में कुल 12 पंच हैं, जिनमें से अविश्वास प्रस्ताव पारित करने के लिए विपक्ष को दो-तिहाई बहुमत यानी 9 वोटों की आवश्यकता थी। हालांकि मतदान के दौरान विपक्ष को केवल 8 वोट ही मिल सके, जिससे प्रस्ताव पारित नहीं हो सका। वहीं सरपंच कविता बाई को 4 वोट प्राप्त हुए, जो एक-तिहाई से अधिक होने के कारण उनके पक्ष में निर्णायक साबित हुआ। इस परिणाम के साथ ही सरपंच को हटाने की कोशिशें नाकाम हो गईं और कविता बाई ने अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मतदान के बाद पंचायत में माहौल उत्साहपूर्ण हो गया। सरपंच समर्थकों और ग्रामीणों ने जीत का जश्न मनाते हुए कविता बाई और उनके सहयोगी पंचों का जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से खुशी जाहिर करते हुए। इस दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। समर्थकों का कहना है कि यह जीत विकास कार्यों और जनविश्वास की जीत है। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के बाद पंचायत की राजनीति में नई सरगर्मी देखने को मिल रही है। आने वाले समय में पंचायत के विकास कार्यों पर इसका असर देखने की उम्मीद जताई जा रही है।

# लायंस क्लब कोरबा सामाजिक सेवा कार्यो के लिए 15 लायंस अवार्ड से सम्मानित




कार्यक्रम में सम्मानित हुए लायंस क्लब के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

होटल ब्लू डायमंड टीपी नगर में रीजन 1 के रीजन चेयरमेन पीएमजेएफ लायन कैलाश गुप्ता के अध्यक्षता एवं डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पीएमजेएफ लायन विजय अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में रीजन कान्फ्रेंस काव्या का आयोजन किया गया। साथ ही कान्फ्रेंस के विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रान्तपाल पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल, पीएमजेएफ लायन शैलेश अग्रवाल, एमजेएफ लायन राजेन्द्र तिवारी, एमजेएफ लायन एम.डी.माखीजा उपस्थित थे। कान्फ्रेंस में रीजन 1 के अंतर्गत आने वाले समस्त क्लबों के पदाधिकारियो एवं सदस्यों की उपस्थिति में रीजन चेयरमेन द्वारा सत्र भर लायंस क्लबों के द्वारा किये गये सेवा कार्यो की समीक्षा के आधार पर पुरस्कृत किया गया। इसी क्रम में लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल को शिक्षा गुणवत्ता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य शिविर, विभिन्न सेवा कार्यो के लिए कुल 15 लायंस एवार्ड से सम्मानित किया गया। रीजन चेयरमेन पीएमजेएफ लायन कैलाश अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल अपने क्लब के मार्गदर्शक पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभिन्न सेवा कार्यो को अंजाम दे रहा है। जिसमें से प्रमुख ग्राम मड़वारानी में संचालित सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय एनकेएम लायंस पब्लिक स्कूल है जहां 700 से अधिक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे है। लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल द्वारा बैनर प्रेजेन्टेशन में क्लब के सेवा कार्यो को सादगी पूर्ण रूप से सभी के सम्मुख प्रस्तुत किया जिसकी सभी ने प्रशंसा की। कान्फ्रेंस में क्लब अध्यक्ष लायन सुरेन्द्र कुमार डनसेना को आउटस्टेडिंग लीडरशीप एवार्ड, क्लब सचिव लायन दर्शन अग्रवाल को बेस्ट सचिव एवार्ड से सम्मानित किया गया। वहीं क्लब के मागदर्शक पीएमजेएफ लायन डा.राजकुमार अग्रवाल को एमएएमई के केन्द्रिय सदस्य के रूप में किये गये सेवा कार्यो के लिए नीति आयोग एवं जीवन जागृति सेवा संस्थान द्वारा प्रदत्त परम विभूषण सेवा रत्न सम्मान से भी सम्मानित किया गया।

# भाजपा के स्थापना दिवस पर बांकीमोंगरा मंडल में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बांकीमोंगरा मंडल में मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पार्टी की नींव मजबूत करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का गमछा और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

भाजपा जिला मंत्री सतीश झा ने कहा कि हमने वह दौर भी देखा है जब पार्टी के पास संसाधन नहीं थे, लेकिन आज पार्टी को इस ऊँचाई पर देखकर गर्व होता है। इसके अलावा अन्य वरिष्ठों ने भारतीय जनता पार्टी का विचारधारा को बताया। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा ने कहा कि सदैव संगठन के कार्यों में अग्रणी रहा है और आने वाले समय में हम अपनी बूथ स्तर की सक्रियता को और अधिक बढ़ाएंगे। वहीं कार्यक्रम का समापन मंडल महामंत्री विकेश झा ने सभी का आभार व्यक्त किया और इसी तरह हमेशा संगठन में मिलकर साथ चलने को आग्रह किया। इसके बाद सभी ने एक दुसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की बधाई दिये। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने पार्टी की रीति-नीति पर चलने और संगठन को और अधिक शक्तिशाली बनाने का सामूहिक संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा अध्यक्ष श्रीमती सोनी विकास झा, वक्ता के रूप में जिला मंत्री सतीश झा, विकास झा, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, हनुमान पांडे, अजीत केंवट, मंडल महामंत्री श्रीमती अनिता राजपूत, विकेश झा गुरदीप सिंह पार्षद सरवन यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, पार्षद गण, महिला मोर्चा, युवा मोर्चा के सदस्य और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



स्थापना दिवस अवसर पर उपस्थित भाजपा बांकीमोंगरा मंडल के पदाधिकारी।

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क. /ब-121/2025-26
ग्राम-रामपुर प0ह0नं0 17

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती दीपा रानी शर्मा पति श्री सुधांशु शर्मा जाति ब्राम्हण निवासी मकान क्रमांक एसई-365 सीएसईबी कॉलोनी कोरबा पूर्व तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम रामपुर प०ह०नं० 17 में ख.नं. 829, 830 स्थित है, जिसमें भवन क्र. LIG-37/H (FF) क्षेत्रफल 44.33 वर्गमीटर को विक्रेता रमाशंकर वस्त्रकार पिता भरत लाल वस्त्रकार जाति वस्त्रकार निवासी पोड़ीबहार कोरबा से पंजीकृत बैनामा विलेख दिनांक 07/10/2025 को क्रय करने उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर कैफियत कॉलम में दर्ज किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 17/04/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 02.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
कोरबा (छ.ग.)

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ के किशन लाल ने 85 किलो बेंच प्रेस कर जीता स्वर्ण

**कोरबा।** नेशनल पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में बालको के एक दिव्यांग खिलाड़ी ने 85 किलोग्राम बेंच प्रेस कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। उनकी इस सफलता से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। खिलाड़ी ने कठिन परिस्थितियों में अभ्यास करते हुए यह उपलब्धि प्राप्त की। आर्थिक संसाधनों की कमी के बावजूद उन्होंने अपने लक्ष्य को हासिल किया। अब खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेकर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए उन्हें स्पॉन्सरशिप की आवश्यकता है। उन्होंने संबंधित विभागों और निजी संस्थाओं से सहयोग की अपील की है।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री-जमनीपाली की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन





**कोरबा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दर्री-जमनीपाली ने नई कार्यकारिणी की घोषणा कर संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया है। यह सूची पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत, जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर के मार्गदर्शन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी से अनुमोदन के पश्चात ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने जारी किया है। ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नई टीम में अनुभवी और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का यथासंभव प्रयास किया गया। श्री तिवारी ने कहा कि शीघ्र ही मंडल, वार्ड एवं बूथ कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी गठित किया जावेगा। दर्री जमनीपाली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के घोषित कार्यकारिणी में बैजनाथ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उपाध्यक्ष पद पर शशि साहु, संतोष ठाकुर, देवीदयाल तिवारी, सरस्वती कंवर, विनीत एक्का, मनीष सिंह को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री के पद पर अंतराम प्रजापति, आशीष इंदिरा नगर, ज्योति साहु, राम स्वरूप चौधरी, अनिल यादव, सत्येन्द्र ठाकुर, सीमा कुर्रे एवं इशरत खान जैसे सक्रिय कार्यकर्ताओं को मौका दिया गया है तथा सचिव के पद पर सफीक खान, तारा कंवर, ललिता गबेल, सुनीता निर्मलकर, कंचन राव, इंदिरा नवरंग, रोश कुमार, अशोक कंवर, होरी लाल भारिया तथा सुरेश राठौर को शामिल किया गया है।

### बालको की पहल से मूंगफली बनी किसानों की आय बढ़ाने का सशक्त माध्यम

**कोरबा।** ग्रामीण इलाकों में खेती का तरीका धीरे-धीरे बदल रहा है। पहले किसान ज्यादा पानी वाली धान की खेती पर निर्भर थे लेकिन अब वे मूंगफली की खेती की ओर बढ़ रहे हैं। भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) अपनी मोर जल मोर माटी योजना के जरिए 40 गांवों के 9000 से अधिक किसानों को सहयोग दे रही है। परियोजना के तहत जल प्रबंधन, आधुनिक खेती, पशुपालन, गैर-लकड़ी वन उत्पाद और किसान उत्पादक संगठन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में बालको ने क्षेत्र के किसानों के बीच मूंगफली की खेती को एक लाभकारी विकल्प के रूप में प्रोत्साहित किया है। पहले क्षेत्र में बहुत कम किसान मूंगफली की खेती करते थे, वह भी केवल घरेलू उपयोग के लिए। पारंपरिक तरीकों के कारण लागत अधिक और उत्पादन कम होने से किसानों को पर्याप्त लाभ नहीं मिल पाता था। साथ ही बाजार तक पहुंच की कमी भी एक बड़ी समस्या थी। बालको ने बेहतर बीज, खाद और तकनीकी मदद देकर इन समस्याओं को कम किया है।

# आईजी ने पुलिस लाइन में ली सलामी, बेहतर टर्न आउट के लिए जवानों को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बिलासपुर रेंज के आईजी अपने एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा पहुंचे थे। जहां उन्होंने मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन का निरीक्षण किया और अधिकारी कर्मचारी जो बेहतर टर्न आउट कर परेड में शामिल हुए थे उन्हें सम्मानित किया।

बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग वार्षिक निरीक्षण के लिए मंगलवार को कोरबा पहुंचे थे। जहां उन्होंने सुबह सबसे पहले रिस्दी रोड स्थित पुलिस लाइन पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी की उपस्थिति में परेड की सलामी ली और परेड की सलामी के उपरांत उन्होंने उपस्थित जवानों के टर्न आउट का निरीक्षण किया जहां बेहतर ड्रेस अप में उपस्थित लगभग 17 अधिकारी



कर्मचारियों को पुरस्कृत भी किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय कार्यालय में उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान आईजी श्री गर्ग ने थाना-चौकियों का दौरा कर कानून व्यवस्था की स्थिति, अभिलेखों के रखरखाव और लंबित मामलों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बेहतर पुलिसिंग सुनिश्चित की जाए और आम जनता के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाया जाए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, दर्री सीएसपी विमल पाठक सहित जिले के सभी थाना और चौकी के प्रभारी उपस्थित रहे।

### दरबार लगाकर जवानों की सुनी समस्या

वार्षिक निरीक्षण पर पहुंचे बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग ने पुलिस लाइन में निरीक्षण के उपरांत उन्होंने अपना दरबार लगाया और दरबार में जवानों की समस्या से अवगत हुए। इस दौरान कई जवानों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। इसके बाद आईजी ने उन्हें जल्द ही उनके समस्याओं का त्वरित निदान करने का आश्वासन दिया है। बताया जाता है कि दरबार में एक अनुकंपा नियुक्ति का मामला सामने आया था। मामला सामने आने के बाद आईजी श्री गर्ग ने मामले को तत्काल निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को निर्देशित किया है। इसके अलावा पीएफ की राशि सहित अन्य मामले सामने आए हैं जिसे जल्द ही त्वरित निदान करने का आईजी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है।



## नागरिकों की बैठक में लिया गया निर्णय

# रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग को लेकर किया जाएगा चरणबद्ध प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेल सुविधाओं के मामले में लगातार उपेक्षित कोरबा के लोग हक की लड़ाई के लिए अब एक मंच के साथ आगे बढ़ने की तैयारी कर लिए हैं। मंगलवार को श्री अग्रसेन भवन कोरबा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में रेल प्रशासन द्वारा कोरबा की उपेक्षा किए जाने को लेकर चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि रेल सुविधाओं की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। बैठक में उपस्थित जनों ने सुझाव दिये कि सर्वप्रथम कोरबा में रेलवे से जुड़ी समस्याओं की सूची बनाकर मंत्री, सांसद, विधायक एवं कलेक्टर को दी जाए और उनसे यह आग्रह किया जाए कि समस्याओं के निराकरण में वे अपने स्तर पर योगदान दें। इस हेतु जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल बनाए जाने का भी निर्णय लिया गया। जो जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रखेगा। इस बैठक के बाद पूर्व की तरह कोरबा रेल विकास समिति के नेतृत्व में आगे की रणनीति बनाकर चरणबद्ध तरीके से प्रयास करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में उपस्थित नगर के प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिए कि किस तरह हम रेल प्रबंधन के खिलाफ एकजुट होकर अपनी मांगों को पूरा करा सकेंगे। सभी लोगों ने विभिन्न सामाजिक संगठनों, नगर के वरिष्ठ चिकित्सकगण, समाज सेवी संगठन, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारियों को अगली बैठक में शामिल किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न लोगों को जिम्मेदारी भी दी गई। रेल प्रशासन के समक्ष जिन मांगों को लेकर जाएंगे यह भी एक दो दिन में तय कर लिए जाएंगे। इसमें विशेष रूप से रेलवे की दिसंबर 2023 की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में लिए गए निर्णय को फॉलो करने, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस को कोरबा तक लाने, दोपहर में बिलासपुर से कोरबा के लिए ट्रेन शुरू करने (विकल्प के रूप में बिलासपुर भोपाल को उस समय चलाया जा सकता है), रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंट्री पर चल रही कोल साइडिंग को बंद करने समेत विभिन्न रूट की प्रस्तावित नई ट्रेनों को चलाने की मांग शामिल हैं। बैठक में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया, जिला चेंबर ऑफ कामर्स एंड एंडस्ट्रीज के अध्यक्ष योगेश जैन, अग्रवाल सभा कोरबा के महामंत्री नरेन्द्र अग्रवाल, कोरबा रेल विकास समिति के प्रमुख कमलेश यादव, राकेश श्रीवास्तव, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, पूज्य सिंधी पंचायत से मुरलीधर माखीजा, रेल संघर्ष समिति से रामकिशन अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, नगर निगम के पूर्व सभापति हितानंद अग्रवाल के साथ ही प्रेम मदान, महेश अग्रवाल, कैलाश यादव, रफीक पारेख, बंगजीत सरकार, कन्हैया कलवानी उपस्थित रहे।



बैठक में उपस्थित सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी व सदस्य।

### 13 अप्रैल को होगी फिर बैठक

कोरबा रेल विकास समिति (सर्वदलीय मंच) के नेतृत्व में अगली बैठक 13 अप्रैल को होटल महाराजा टीपीनगर में शाम 5 बजे आयोजित की गई है। इस बैठक में आंदोलन का स्वरूप क्या होगा सर्व सम्मति से तय किया जाएगा। उस बैठक में शामिल होने वाले लोगों की संख्या तय करेगी। फिलहाल यह तय कर लिया गया है। पहली बार जिला प्रशासन के साथ बैठक करेंगे, जिसकी तिथि बाद में तय कर ली जाएगी। उसके बाद कोरबा रेलवे स्टेशन से विरोध प्रदर्शन की शुरुआत होगी। जिसमें मांगों का ज्ञापन संबंधित अधिकारी के माध्यम से मंडल व जोन मुख्यालय को भेजा जाएगा। साथ ही विरोध किस स्तर पर होगा यह भी तय किया जाएगा।

# राशन वितरण में गड़बड़ी, पटपरा पीडीएस दुकान का अनुबंध निरस्त, सुरक्षा राशि हुई राजसात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पाली द्वारा एक बड़ी कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत पटपरा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान के संचालन में गंभीर वित्तीय अनियमितता और खाद्यान्न गबन की पुष्टि होने पर संबंधित संचालक संस्था का अनुबंध तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

जांच और गबन के खुलासे के संबंध में विस्तृत विवरण देते हुए एसडीएम रोहित सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत पटपरा की उचित मूल्य दुकान, जिसका संचालन महिला जागृति स्व सहायता समूह भोड़कछार द्वारा किया जा रहा था, के विरुद्ध शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके पश्चात हल्का पटवारी द्वारा 30 मार्च 2026 को किए गए आकस्मिक निरीक्षण और भौतिक सत्यापन में पाया गया कि वितरण पंजी में जनवरी 2026 माह हेतु कुल 562 राशनकार्ड धारियों के हस्ताक्षर और फिंगर प्रिंट ले लिए गए थे, किंतु जमीनी हकीकत में केवल 140 से 150 कार्डधारियों को ही चावल का वितरण हुआ था। शेष कार्डधारियों को चावल, शक्कर और चना का वितरण किए बिना ही रिकॉर्ड में फर्जी वितरण दिखाया गया था। संस्था द्वारा कारण बताओ नोटिस के जवाब में जनवरी माह का राशन वितरित न करने की बात स्वयं स्वीकार की गई है। इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 और आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धाराओं का स्पष्ट उल्लंघन मानते हुए कठोर कार्रवाई की गई है। इसके तहत महिला जागृति स्व सहायता समूह का संचालन अनुबंध और अधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है और संस्था द्वारा जमा की गई संपूर्ण प्रतिभूति राशि को शासन के पक्ष में राजसात कर लिया गया है।

### दर्ज होगी एफआईआर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी, पाली द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान पटपरा में हुए खाद्यान्न गबन के मामले में कड़ी कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक कार्रवाई के तहत इस गबन के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार तत्कालीन दुकान संचालक संस्था महिला जागृति स्व सहायता समूह भोड़कछार की अध्यक्ष श्रीमती कांति बाई, सचिव श्रीमती अनिता और विक्रेता रविन्द्र कुमार को नामजद किया गया है।

# एनएच पर बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एनएच पर बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन में तोडफ़ोड़ की। बड़ी बात यह है कि घटना के बाद भी ट्रक को हटाया नहीं गया और एक बार फिर एक बाइक सवार खड़े ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में युवक की हालत नाजुक बताई जा रही है और उसके बचने की संभावना कम है। इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच पर चक्का जाम कर दिया और जमकर आक्रोश व्यक्त किया।

**खास बात**

- फिर से एक बाइक सवार हुआ दुर्घटना का शिकार, आक्रोशित लोगों ने किया चक्का जाम

बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर रजपुरी कला के समीप एक सीमेंट लोड ट्रक को चालक द्वारा बेतरतीब तरीके से खड़ा किया गया था। एनएच पर उक्त स्थान पर पहले से ही अंधेरा था इसके साथ ट्रक में पार्किंग लाइट नहीं जल रही थी इसके साथ ही कोई भी संकेतक नहीं था। ऐसे में एक तेज रफ्तार बाइक सवार युवक की ट्रक से टक्कर हो गई। इस घटना में चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अंधला निवासी 25 वर्षीय अरुण सिंह आ. परशुराम सिंह के रूप में की गई जो अंधला से अंबिकापुर की ओर अपने किसी रिस्तेदार के घर जा रहा था। इस दौरान रास्ते में रजपुरी के समीप वह सीधे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक का चक्का टूट गया और वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एनएच पर जमकर विरोध प्रदर्शन और हंगामा किया। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने ट्रक में जमकर पत्थर भी चलाए और तोड़फोड़ की। देर शाम 11 बजे हुई घटना के बाद घंटों मार्ग पर आवागमन बाधित रहा और लोगों को परेशानी का सामना भी करना पड़ा। पुलिस के आश्वासन के बाद आंदोलन शांत हुआ था।



### बड़ी लापरवाही के कारण फिर खतरे में जान

बीती रात बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रक से टकराकर युवक की मौत के बाद बड़ी लापरवाही सामने आई। जिस ट्रक से टकराकर युवक की मौत हुई उसे घटना स्थल से हटाया नहीं गया और ना ही संकेतक या सुरक्षा के कोई उपाय किए गए। परिणाम यह हुआ कि मंगलवार की शाम एक अन्य बाइक सवार उसी ट्रक से टकरा गया। इस घटना में युवक के मौत की बात भी कही जा रही है लेकिन फिलाहल इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। पुलिस का कहना है कि युवक को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है लेकिन उसकी हालत नाजुक है। इधर इस घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने एक बार फिर से एनएच पर चक्का जाम कर दिया। लोगों द्वारा मामले में कार्रवाई और मुआवजा की मांग की जा रही है। सूचना के बाद थाना प्रभारी संपत पोटाई समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची हुई है और ग्रामीणों को समझाने प्रयास जारी था।

# रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में मकान का गिरा छज्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार यहां एक मकान के ऊपरी हिस्से का छज्जा अचानक टूटकर नीचे गिर गया, जिससे नीचे निवास कर रहा परिवार बाल-बाल बच गया। हालांकि इस घटना में परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। बताया जा रहा हैं की छज्जा गिरने की घटना इतनी अचानक हुई कि नीचे मौजूद लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। मलबा सीधे घर के सामने और अंदर तक फैल गया, जिससे घरेलू उपयोग का सामान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की स्थिति लंबे समय से जर्जर बनी हुई है। भवनों का रखरखाव नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। निवासियों ने कई बार शिकायत की लेकिन जिम्मेदार विभागों ने ध्यान नहीं दिया। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में आक्रोश है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच कर दोषियों पर कार्यवाही करने और जर्जर भवनों की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## अप्रैल महीने में भी विपणन विभाग नहीं कर सका, 7500 क्विंटल धान है जाम

# अभी भी 12 उपार्जन केंद्रों से नहीं हो सका शत प्रतिशत धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

15 नवंबर से जिले में शुरू हुई धान खरीदी का काम सरकार की नीति के तहत 31 जनवरी को यूं तो पूर्ण हो गया लेकिन फरवरी में प्रथम सप्ताह में दो दिन इसकी सीमा बढ़ाई गई। इसके बाद और कोई मौके नहीं दिए गए। जिले में 30 लाख मिट्रिक टन धान की खरीदी इस वर्ष हुई। उठाव की समस्या अब भी बनी हुई है। प्रशासन के वे दावे इस मामले में फेल हो गए, जिनमें कहा गया था कि तय सीमा में शत-प्रतिशत धान का उठाव करा लिया जाएगा। वास्तविकता यह है कि अभी भी अखरापाली और कोरबी सहित 12 खरीदी केंद्रों में 7500 क्विंटल धान उठने की प्रतीक्षा कर रही है।



फाइल फोटो

जानकारी अनुसार अखरापाली में 61762.4 क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इसके विरूद्ध अभी भी 3840 क्विंटल धान का उठाव नहीं हो सका है। इसी तरह कोरबी पोड़ी उपरोड़ा में 1440 क्विंटल धान का उठाव बाकी है। यहां पर 71 हजार 137.4 क्विंटल की मात्रा उपार्जित हुई थी। पसान केंद्र में 43259.2 क्विंटल धान की खरीदी हुई और मौजूद स्थिति में 640 क्विंटल की मात्रा का उठाव नहीं हो सका है। छुरीकला में मौजूदा स्थिति में 280 क्विंटल, बेहरचुआं केंद्र में 210 क्विंटल, सिरमिना में 209.2 क्विंटल धान का उठाव लंबा समय गुजरने के बाद भी नहीं हो सका है। करतला समिति के केरवाद्वारी में 190 क्विंटल धान का उठाव कब होगा इसके लिए यहां के कर्मी प्रतीक्षा कर रहे हैं। श्यांग उपार्जन केंद्र में 160 क्विंटल, बोइदा में 138, मोरगा में 60, पोड़ी और नोनबिर्रा में 40-40 क्विंटल धान की मात्रा अभी भी राइस मिलर्स के लोगों के आने की प्रतीक्षा कर रही है कि वे वाहन के साथ यहां पहुंचे और धान को ले जाएं। समितियों की चिंता इस बात को लेकर है कि उठाव के मामले में विलंब होने से अंतिम मिलान से लेकर प्रोत्साहन राशि लटकेगी और ऐसे में खर्चों का भुगतान करना मुश्किल होगा। वर्तमान स्थिति में सीजन में काम करने वाले श्रमिकों को पारिश्रमिक देना है, वहीं समिति के दूसरे खर्चे भी हैं जिसकी व्यवस्था का पूरा दारोमदार इसी राशि पर टिका हुआ है। याद रहे खरीदी सीजन की शुरुआत से पहले ही प्रशासन ने त्रिस्तरीय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और सहयोगियों की बैठक ली थी। इसमें दावे किए गए थे कि खरीदी के साथ अब उठाव कराने को प्राथमिकता देंगे। पूरे मामले में मार्कफेड का लचर रवैया सामने आया। उठाव के लिए अनुबंध करने वाले मिलर्स ने डीएमओ की एक नहीं सुनी और मनमानी जारी रखी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411